सांसो की माला पे सिमरु मै शिव का नाम

सांसो की माला पे,
सिमरु मै शिव का नाम,
अब तो दुनियादारी से है,
मेरा क्या काम....

शिव के रंग में ऐसी डूबा,
बन गया एक ही रूप,
शिव की माला जपते जपते,
हो गयी सुबह श्याम,
सांसो की माला पे.....

शिवजी मेरे दिल में बसे है,
संग रहे दिन रात,
अपने मन की मै जानू ,
सब के मन की राम,
सांसो की माला पे....

शिवजी मेरे अंतरयामी,
शिवजी मेरे स्वामी,
शिवजी के चरणों में अर्पण,
ये जीवन तमाम,
सांसो की माला पे....

प्रेम पियाला जबसे पिया है,
जी का है ये हाल,
अंगारों पे नींद आ जाए,
और कांटो पे आराम,
सांसो की माला पे....

सांसो की माला पे,
सिमरु मै शिव का नाम,
अब तो दुनियादारी से है,
मेरा क्या काम,
सांसो की माला पे,
सिमरु मै शिव का नाम.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28035/title/sanson-ki-mala-pe-simru-main-shiv-ka-naam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |